| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय लघुहस्ताक्षर जज |
| --- | --- |
| 16.10.19 | पत्रावली पेश हुई। वकील उप० ~~वास्ते बहस~~ पत्रावली दिनांक 21.10.19 को पेश हो। |
| 21.10.19 | पत्रावली पेश हुई। वकील वादी उप०। प्रकरण में बहस वकील सुनी जाने से पूर्व भूमिधारी से बिन्दुवार जवाब मंगाया जाना ~~मुनासिब~~ उचित है। अतः भूमिधारी से वाद पत्र का बिन्दुवार जवाब तलब करने हेतु तहरीर आदेश जारी होकर पत्रावली दिनांक 04/11/2019 को पेश हो। |
| 4.11.19 | पत्रावली पेश हुई। अधिवक्तागण हड़ताल पर। PO साहब अन्य कार्य में व्यस्त। निस्तारण पूर्व आदेशानुसार दिनांक 25.11.19 को पेश हो। |
| 25.11.19 | पत्रावली पेश हुई। वकील वादीगण उप० प्रतिवादी सं० 25 की ओर से जवाब पेश हुआ जो शामिल मिसल किया गया। पत्रावली वास्ते अग्रिम कार्यवाही हेतु दिनांक 27.11.19 को पेश हो। PO साहब दौरे पर। |
| 27.11.19 | पत्रावली पेश हुई। वकील वादीगण उप०। प्रकरण में बहस वकील वादीगण सुनी गई। वास्ते आदेश पत्रावली दिनांक 05/12/2019 को पेश हो। |

Scanned by CamScanner

| हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय लघुहस्ताक्षर जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तालीम में जारी हुए |
|---|---|---|
| 5/12/19 | पत्रावली वास्ते आदेश आज पेश हुई। वकील वादीगण उपस्थित। प्रकरण में बहस वकील वादी पूर्व में सुनी जा चुकी है। दरवक्त बहस वकील वादी गण ने अपने वादपत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए मुताबिक अनुतोष दावा डिक्री फरमाने का निवेदन किया।<br>पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकार्ड एवं जवाब भूमिधारी का अवलोकन किया गया एवं बहस वकील वादीगण पर मनन किया गया जिनसे वादीगण का वाद स्वीकार किया जाने योग्य पाया जाने पर स्वीकार किया जाकर डिक्री किया जाता है। विस्तृत निर्णय मेरे द्वारा पृथक से लिखवाया जाकर शामिल पत्रावली करवाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया।<br>[signature]<br>उपखण्ड अधिकारी<br>खण्डेला (सीकर) | |

# डिक्री मुकदमा इब्तदाई

(ओ. 20 रूल 6–7 जाब्ता दीवानी)

...ज अदालत उपखण्ड अधिकारी **मुकाम** खण्डेला

...इजलास श्री रणजीत सिंह आर.ए.एस.

1. कालूराम
2. कत्थाराम
3. पांचूराम पुत्रगण नाथूराम पौत्रगण माला पड़पौत्रगण मंगला समस्त जाति माली निवासी दायरा तहसील खण्डेला जिला सीकर (राज.)

– (वादीगण)

बनाम

1. बनवारी दत्तक पुत्र सुखाराम पुत्र गोपाल पौत्र देवा
2. जगदीश दत्तक पुत्र माला पुत्र गोपाल पौत्र देवा
3. गोविन्दराम
4. मथुराप्रसाद
5. रामस्वरूप पुत्रगण मांगुराम पौत्रगण गोपाल
6. सुमन देवी
7. मन्जु देवी पुत्रियां मांगुराम पौत्री गोपाल पड़पोत्री देवा
8. दाफु देवी पत्नी मांगुराम पुत्रवधु गोपाल
9. नानूराम
10. छोटुराम पुत्रगण किशन पौत्रगण नाथू पड़पौत्र झूंथा
11. ईश्वर
12. छीगन
13. नौरंग
14. कैलाश
15. लालाराम
16. सुभाष पुत्रगण कजोड़ पौत्रगण किशन पड़पौत्रगण नाथू
17. बसन्ती पत्नी कजोड़ पुत्रवधु किशन
18. योगेन्द्र
19. पप्पुराम पुत्रगण भागीरथ पौत्रगण किशन पड़पौत्रगण नाथू
20. महेश
21. तेजाराम
22. भरत पुत्रगण चौथुराम पौत्रगण किशन पड़पौत्रगण नाथू
    समस्त जाति माली निवासी दायरा तहसील खण्डेला जिला सीकर (राज.)
23. पटवारी हल्का दायरा
24. उपपंजीयक खण्डेला
25. भूमिधारी तहसीलदार खण्डेला

– (प्रतिवादीगण)

उपखण्ड अधिकारी
खण्डेला (सीकर)

Scanned by CamScanner

## दावा बाबत ईस्तकरार हक, स्थाई निषेधाज्ञा

मु. नं. 160 सन् 2019

यह मुकदमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू श्री रणजीत सिंह आर.ए.एस.

व हाजिरी श्री भजनाराम एड. मिनजानिब मुदई रूबरू ........................ मिनजानिब मुद्दायलह पेश होकर हुक्म दिया जाता है व डिगरी दी जाती है कि तन ग्राम दायरा तहसील खण्डेला जिला सीकर (राज.) में अवस्थित भूमि ख. नं. 632 ता 635, 640 ता 641 रकबा 1.35 है0 में वादीगण के दादा का गलत दर्ज नाम व गलत दर्ज हिस्सा " नरसी पुत्र मंगला हिस्सा 1/5 " के स्थान पर वादीगण के दादा का सही व वास्तविक नाम एवं सही हिस्सा " माला पुत्र मंगला हिस्सा 1/4 " दुरूस्त किया जाता है तथा प्रतिवादी नं. 1 के गलत दर्ज हिस्सा " 1/5 " के स्थान पर सही हिस्सा " 1/6 " एवं प्रतिवादी संख्या 2 के गलत दर्ज हिस्सा " 1/5 " के स्थान पर सही हिस्सा " 1/6 " एवं प्रतिवादी संख्या 3 ता 8 के गलत दर्ज हिस्सा " 1/5 " के स्थान पर सही हिस्सा " 1/6 " बहिस्सा बराबर तथा प्रतिवादी नं. 9 ता 22 के मृतक नाथू पुत्र झूंथा के नाम गलत दर्ज हिस्सा " 1/5 " के स्थान पर सही हिस्सा " 1/4 " दुरूस्त किया जाता है। उक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद हो। निज ........................ मुबलिग ........................ ................. बाबत ..................................................

खर्चा इस मुकदमे के मय सूद बशरह .............................................. फीसदी महन्ताना आज की तारीख से तारीख अदायगी तक ............................ का अदा करें।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 05 माह 12 सन् 2019 को जारी की गयी।

मुहर

5.12.19
दस्तखत
उपखण्ड अधिकारी
खण्डेला (श्रीमाधोपुर)

| मुद्दई | रूपये | पैसे | मुद्दायलह | रूपये | पैसे |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अर्जी दावा | | | स्टाम्प अर्जी दावा | | |
| स्टाम्प वकालतनामा | | | स्टाम्प वकालतनामा | | |
| स्टाम्प वजह सबूत | | | महनताना वकील | | |
| महनताना वकील | | | खर्चा गवाहान | | |
| खर्चा गवाहान | | | फीस कमिश्नर | | |
| फीस कमिश्नर | | | बाबत इजराय हुक्मनामा | | |
| बाबत इजराय हुक्मनामा | | | मुतफरिक | | |
| मुतफरिक | | | | | |
| मीजान | | | मीजान | | |

Scanned by CamScanner